एक नजर में

## जैन सोशल ग्रुप स्वागत ने मनाया स्थापना दिवस



इंदौर. जैन सोश्यल ग्रुप स्वागत की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भंडारी रिसोर्ट मे सदस्यों ने हर्षोल्लास से मिलन समारोह मनाया. समारोह में सभी सदस्य दिल से मिले और नाच गाने के साथ दिल खोलकर अपने - अपने अनुभव साझा किये. यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रचार सचिव योगेंद्र सांड ने बताया कि मिलन समारोह में फनी गेम्स भी खेले गए. सभी सदस्यों को सकोरे का वितरण कर संकल्प लिया कि वे भीषण गर्मी में मूक पशु - पक्षियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे. उन्हें दाना खिलाएंगे और पानी पिलाएंगे. कार्यक्रम में ग्रुप के अध्यक्ष श्रीपाल सकलेचा व सचिव विजय जैन के नेतृत्व में सदस्यों को सकोरे का वितरण किया. इस अवसर पर ग्रुप के ललित वोरा, मोहनलाल जैन, सुशील गोखरू, सुरेश छाजेड, विमल बापना, दिनेश धींग विशेष रूप से उपस्थित थे.

## विकारों से मुक्ति पाने धर्म का आश्रय जरूरी



इंदौर. भगवान ने हमें वाणी दी है लेकिन कई बार यह वाणी बेकाबू होकर बाण बन जाती है. अनेक ऐसे युद्ध और घटनाक्रम हैं जो वाणी के कारण ही विकराल बने. हमारे आचरण में जब तक धर्म का समावेश नहीं होगा, मन की वृत्तियाँ भी लक्ष्य से भटकती रहेंगी. आचरण में धर्म का प्रवेश शूचिता और पवित्रता के साथ ही संभव है. मलिनता और मन के विकारों से मुक्ति पाने के लिए धर्म का आश्रय जरुरी है. भगवान कहीं और नहीं हमारे अंतर्मन में ही विराजित हैं लेकिन उन्हें अनुभूत करने के लिए मथना जरुरी है. भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी ने सप्तऋषि भागवत मंडल के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मंगलवार की शाम को खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में वामन अवतार प्रसंग की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. मंगलवार को कथा प्रसंग के दौरान वामन अवतार का उत्सव भी मनाया गया. भजनों पर भक्तों के नाचने-गाने और झूमने का सिलसिला पहले दिन से ही चल रहा है. मातृशक्ति द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां और मनोहारी भजनों पर समूह नृत्य भी आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं. कथा शुभारम्भ के पूर्व मनोरथी समूह की ओर से अशोक-आरती खंडेलवाल, हितेंद्र-वन्दना ग्रोवर, आशीष-खनक शर्मा, स्वप्न-स्वाति खंडेलवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी महेंद्र-दिव्या मानधन्या, रामचंद्र-उषा पितलिया एवं लक्ष्मण-चंद्रकांता कानूनगो ने की. 20 मई को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में पुरुष एवं महिलाएं पीताम्बर परिधान में सज-धजकर आएंगे.

## पानी बचाने और मूक परिंदों की सेवा का संकल्प



इन्दौर. अग्रसेन महासभा के सदस्यों ने बायपास स्थित होटल गोल्डन लीव्स कनवेंशन सेंटर पर पूल पार्टी का आयोजन किया. महासभा के सैकड़ों सदस्यों ने डीजे की मस्ती के बीच पानी में रहकर अनेक खेलों का रोमांचक प्रदर्शन भी किया और शहर के हित में संकल्प किया कि ग्रीष्मकाल में पानी की एक-एक बूँद को बचाकर मूक परिंदों की सेवा के लिए अपने-अपने आँगन और छतों पर दाना-पानी भी रखेंगे. महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल एवं सचिव अनूप सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक गोपाल प्रेमचंद गोयल, प्रवीण मुरारका, शैलेन्द्र गुप्ता आयोजन एवं आशीष अग्रवाल टेंट के मार्गदर्शन में शाम 4 बजे से शुरू हुई यह दावत रात 10 बजे तक भरपूर आनंद के साथ सम्पन्न हुई. इस दौरान महासभा के सदस्यों ने होटल के तरण पुष्कर के पानी में तम्बोला, हास्य गोष्ठी सहित अनेक गेम्स भी खेले और शहर के हित में ग्रीष्मकाल के दौरान पानी की बचत करने और बेजुबान परिंदों के लिए अपने घर-आंगन में दाना-पानी रखने का संकल्प भी लिया. मुख्यरूप से वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचन्द गोयल, टीकमचंद गर्ग, मोहनलाल बंसल, विष्णु बिंदल, अरुण आष्टावाले एवं अन्य वरिष्ठजन भी परिवार सहित इस दावत में शामिल हुए. महासभा के ब्रजकिशोर गोयल, अजय आलूवाले, प्रमोद बिंदल, अशोक अग्रवाल, त्रिलोक अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंघल ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली और सभी सदस्यों की अगवानी की. संचालन राजेश जिंदल ने किया. आभार माना सचिव अनूप सिंघल ने.

## भारतीय उद्योग मंडल इंदौर इकाई का गठन





इंदौर. राष्ट्रीय स्तर पर 29 राज्यों में सक्रिय जनहितैषी व्यापारिक संगठन भारतीय उद्योग मंडल द्वारा इंदौर इकाई के गठन की घोषणा की गई है. संगठन छोटे, मझले एवं सभी स्तर के व्यापारियों के हित संरक्षण, व्यापारिक उन्नति एवं जनसरोकारों के विषयों पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल दास अग्रवाल की अनुशंसा पर इंदौर इकाई के अध्यक्ष पद पर गोविंद अग्रवाल तथा महामंत्री पद पर अक्षय जैन को मनोनीत किया गया है. गोविंद अग्रवाल वर्तमान में इंदौर टाइल्स एंड सेनेटरी एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं, वहीं अक्षय जैन इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं. संगठन द्वारा दोनों पदाधिकारियों को इंदौर इकाई की कार्यकारिणी गठन का स्वतंत्र अधिकार प्रदान किया गया है. अपेक्षा व्यक्त की गई है कि नई टीम इंदौर के व्यापारिक हितों, व्यापारी सुरक्षा, व्यापार संवर्धन एवं जनहित से जुड़े विषयों पर प्रभावी कार्य करेगी. भारतीय उद्योग मंडल द्वारा छोटे, मझले एवं असंगठित व्यापारिक संस्थानों को शासकीय योजनाओं का लाभ अपने विधिक प्रकोष्ठ के माध्यम से दिलाने की विशेष कार्ययोजना भी बनाई गई है. संगठन असंगठित व्यवसायियों के बीमा, विधिक मार्गदर्शन एवं व्यापारिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर भी कार्य करेगा.

## जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन में कोठारी राष्ट्रीय अध्यक्ष



इंदौर. श्वेताम्बर जैन समाज की शीर्ष संस्था जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के द्विवार्षिक चुनाव में समाजसेवी कमलेश कोठारी राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। समाज के वरिष्ठजनों और संरक्षक मंडल की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन में आम सहमति से निर्णय लिए गए. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाजहित में फेडरेशन के सेवा प्रकल्पों को और अधिक रफ्तार देने का संकल्प व्यक्त किया है. सभी नए पदाधिकारियों को विभिन्न संगठनों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है. फेडरेशन की स्थायी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि चयन समिति की बैठक में सर्वानुमति से लिए गए निर्णय के अनुसार नरेन्द्र भंडारी अध्यक्ष इलेक्ट, जिनेश्वर जैन निवृत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, गौतम मूणत कार्याध्यक्ष, अखिल चौधरी चेयरमैन, रितेश कटकानी, सुनील मारवाड़ी, निर्मल पगारिया एवं नीरज जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलेश सामोता, विनोद कुकड़ा तथा संजय जैन उपाध्यक्ष, सुनील तांतेड, पंकज बाफना एवं अशोक मोदी महासचिव, सीए विनोद जैन कोषाध्यक्ष, सुनील मुरडिया, संध्या छाजेड एवं पंकज जैन पोरवाल सचिव तथा संजय जैन प्रचार सचिव मनोनीत किए गए हैं. चयन समिति में फेडरेशन के संरक्षक जयसिंह जैन, पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र धाकड़, दिलीप सी जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेंद्र सुराणा एवं सभी पूर्व अध्यक्ष, सर्वश्री प्रकाश भटेवरा, पीयूष जैन, राजेंद्र जैन, नरेन्द्र संचेती, वीरेन्द्र जैन, संजय नाहर एवं जिनेश्वर जैन उपस्थित थे.

# शहर में पुल-पुलियाओं के लोकार्पण की तैयारी

- महापौर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ली बैठक



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में निर्माणाधीन पुल-पुलियाओं और फ्लाई ओवर ब्रिज की महापौर ने समीक्षा बैठक ली. बैठक में शहर में निर्मित 10 ने पुल - पुलियाओं के लोकार्पण की तैयारी 20 जून संभावित होने की जानकारी विभागों के अधिकारियों को दी है. साथ ही दिसंबर तक शहर के सभी फ्लाई ओवर ब्रिज शुरू करने का लक्ष्य तय किया है.**

महापौर ने आज नगर निगम परिषद कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज को लेकर बैठक ली. बैठक में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे 19 पुल-पुलियों की प्रगति की समीक्षा की गई. निगम अधिकारियों ने बताया कि 10 पुल-पुलियां पूरी होने की स्थिति में हैं. एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले चार प्रमुख ब्रिजों के आसपास की सर्विस रोड और ब्रिज के नीचे के मार्ग तैयार कर लिए जाएंगे, ताकि बारिश में यातायात जाम न हो. पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने जानकारी दी कि रेती मंडी ब्रिज के राजेंद्र नगर से राऊ की ओर जाने वाले हिस्से का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है. एक दिशा में यातायात शुरू करने की तैयारी है. नीचे की सर्विस रोड का कार्य पूरा होने के बाद बारिश खत्म होने पर पूरा चालू कर दिया जाएगा. आईडीए अधिकारी ने बताया कि लवकुश चौराहा डबल डेकर ब्रिज को जुलाई के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य है. चंदन नगर पुल निर्माण के टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे. उक्त योजना से संबंधित विद्युत, पानी और अन्य यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है. एमआर-4 ब्रिज योजना में अभी कुछ समय और लगने की संभावना है, लेकिन सभी निर्माण एजेंसियों ने दिसंबर 2026 तक शहर की सभी ब्रिजको पूर्ण करने का लक्ष्य तय है.

### पुल-पुलियाओं का होगा सामूहिक लोकार्पण

बैठक में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, इंदौर नगर निगम तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने भाग लिया. महापौर भार्गव ने कहा कि 20 जून को नगर निगम द्वारा 10 तैयार पुल-पुलियाओं का सामूहिक लोकार्पण किया जाएगा.



# जनसुनवाई : 82 फरियादी पहुंचे, कमिश्नर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**इंदौर. पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को 82 आवेदकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं. उन्होंने मौके पर ही अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए और कई मामलों में तत्काल निराकरण कराया.**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर आयोजित जनसुनवाई में शहरभर से लोग अपनी समस्याएं लेकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचे. आवेदनों में पारिवारिक विवाद, लेन-देन में धोखाधड़ी, फाइनेंशियल फ्रॉड, प्लॉट-मकान विवाद और महिला अपराध से जुड़े मामले प्रमुख रहे. कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने एक-एक आवेदक की शिकायत गंभीरता से सुनी. उन्होंने स्पष्ट किया कि थानों से निराश होकर आने वाले लोगों को यहां से राहत मिलनी चाहिए. कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही जोनल अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि कुछ मामलों में थाना प्रभारियों को फोन कर तत्काल समाधान सुनिश्चित करने को कहा.

# 1 किलो एमडी के साथ ड्रग्स गिरोह के 5 पैडलर गिरफ्तार

- दो सैलून कर्मी और किसान निकले ड्रग्स तस्कर
- देशी कट्टा, कार, बाइक समेत 1.21 करोड़ का माल जब्त
- क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर पकड़ा




नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार सुबह सुपर कॉरिडोर पर कार्रवाई करते हुए 1 किलो एमडी ड्रग्स, देसी कट्टा और कारतूस के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई गई है. आरोपियों में एक सैलून कर्मचारी और एक किसान भी शामिल है.

डीसीपी क्राइम ने बताया कि सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच टीम ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी की. इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो और दो बाइक वहां पहुंचीं. पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी भागने लगे. भागने के दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और आरोपी पकड़े गए. गिरफ्तार आरोपियों में झालावाड़ निवासी नवीन सोलंकी उम्र 25 साल, शंकर सिंह उम्र 33 साल, उज्जैन निवासी विक्रम सिंह उम्र 31 साल, नरेंद्र सिंह उम्र 26 साल और इंदौर के सिलिकॉन सिटी निवासी गोविंद शर्मा उम्र 29 साल शामिल हैं. तलाशी में कार से 1 किलो एमडी ड्रग्स, एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ. पुलिस ने ड्रग्स, स्कॉर्पियो, दो बाइक, हथियार और कारतूस समेत 1 करोड़ 21 लाख 20 हजार रुपए का माल जब्त किया है.

### आरोपियों को लिया जाएगा रिमांड पर

मामले में एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी. यह पता लगाया जाएगा कि इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स कहां से लाई गई और कहां सप्लाई की जानी थी. नेटवर्क की बैकट्रेसिंग कर पूरी सप्लाई चेन तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नवीन सोलंकी और गोविंद शर्मा सैलून में काम करने के साथ रेपिडो भी चलाते हैं, जबकि अन्य आरोपी खेती-किसानी से जुड़े हैं. स्कॉर्पियो वाहन की मालिकाना जानकारी और उसकी भूमिका की भी जांच जारी है.

# सड़कों पर उतरे आला अफसर... डीसीपी और एसीपी ने संभाला मोर्चा

- सदर बाजार और मल्हारगंज में निकाला पैदल मार्च

**इंदौर. शहर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खुद मैदान में उतर गए हैं. इसी सिलसिले में बीती शाम को जोन-1 के आला अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील और व्यस्ततम व्यापारिक इलाकों में विजिबल पुलिसिंग के तहत पैदल मार्च निकाला.**

इस दौरान जहां सड़कों और चौराहों पर खड़े संदिग्धों की चेकिंग की गई, वहीं आम नागरिकों से चर्चा कर सुरक्षा का फीडबैक भी लिया गया.

डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत और एसीपी विवेक सिंह चौहान शाम को अचानक पुलिस फोर्स के साथ सड़कों पर नजर आए. अधिकारियों ने अपने अमले के साथ जोन-1 के अंतर्गत आने वाले सदर बाजार और मल्हारगंज थाना क्षेत्रों के मुख्य बाजारों, चौराहों, मुख्य मार्गों सहित तंग गलियों का भी पैदल भ्रमण किया. वरिष्ठ अधिकारियों को खुद मोर्चे पर डटे देख अधीनस्थ पुलिस थानों के बल में भी खासी मुस्तैदी और मुस्तैद कार्यप्रणाली नजर आई.

### संदिग्ध युवकों और असामाजिक तत्वों की सघन चेकिंग

पैदल मार्च के दौरान पुलिस टीम ने चौराहों, सुनसान कोनों और बाजारों में बिना वजह जमा होने वाले संदिग्ध युवकों और असामाजिक तत्वों की सघन चेकिंग की. इस दौरान सड़कों पर बिना नंबर या संदिग्ध नंबर प्लेट लगी गाड़ियों को रोककर उनकी तलाशी ली गई. डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने मौके पर ही मौजूद थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए कि क्षेत्र के सूचीबद्ध पुराने अपराधियों, चाकूबाजों और वारंटियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए. साथ ही रात के समय हुड़दंग या नशाखोरी करने वालों के खिलाफ बिना किसी ढील के तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए.

### अफसरों ने जनता से मिलाया हाथ, गुप्त रहेगी सूचना

इस विजिबल मार्च की सबसे खास बात यह रही कि अधिकारियों ने केवल गश्त नहीं की, बल्कि सड़कों और दुकानों पर मौजूद आम नागरिकों, रहवासियों और क्षेत्रीय व्यापारियों से सीधा संवाद भी स्थापित किया. डीसीपी ने लोगों से चर्चा कर उनके क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और समस्याओं का हाल जाना. उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तैनात है. अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई भी अवैध गतिविधि या नशाखोरी चलती है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें. सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी.

# जब समुदाय की परिभाषा अलग होगी तो विवाद होंगे

- ले. कर्नल सिन्हा बोले... सफलता की हर व्यक्ति की परिभाषा को राष्ट्र और विश्व के कल्याण से जोड़ना होगा




**इंदौर. जब समुदाय की परिभाषा हर व्यक्ति अलग-अलग रखेगा तो विवाद होंगे. हमें अपनी सफलता की परिभाषा का लक्ष्य राष्ट्र और विश्व की सेवा रखना होगा.**

यह बात लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा ने कही. वे आज यहां अभ्यास मंडल की 66 वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला के चतुर्थ दिवस आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे. उनका विषय था- सफलता के मायने और जीवन का लक्ष्य. उन्होंने सबसे पहले तो अपनी बात की शुरुआत सफलता शब्द से ही की. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के लिए सफलता का मायना अलग-अलग होता है. विश्व के इस पूरे समाज में हर व्यक्ति का अलग धर्म, अलग कर्म और अलग लक्ष्य है. यहां धर्म से मतलब किसी भगवान या पूजा पद्धति से नहीं है बल्कि जीवन के धर्म से है. उन्होंने कहा कि इतिहास के हर काल खंड में कुछ लोग ऐसे हुए हैं जो की स्वयं को समग्र का हिस्सा नहीं मानते थे. इन लोगों ने अधर्म को ही धर्म का नाम देकर सभी को स्वीकार करवा दिया. अपनी बात को उदाहरण के साथ समझाते हुए सिन्हा ने कहा कि चोरी गलत है लेकिन बुद्धि के जानकारों ने चोरी को चैरिटी बना दिया और वह सम्मानजनक काम हो गया. समाज में सबसे बड़ी विसंगति यह आ गई है कि मेरा भगवान ही सर्वश्रेष्ठ है और तुम्हारे भगवान को मैं नहीं मानता हूं. इस पागलपन से पिछले 1500 साल में कई बार नरसंहार हुए हैं. उन्होंने कहा कि जब दो देशों की सफलता की परिभाषा अलग होगी तो फिर उन देशों के बीच में युद्ध होगा। यदि समाज में परिभाषा अलग होगी तो विवाद होगा. परिवार, समुदाय और व्यक्ति यह कभी भी एक दूसरे से अलग नहीं हो सकते हैं. कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि का स्वागत वैशाली खरे, किशन सोमानी, हंसमुख गांधी और बसंत सोनी ने किया. संचालन क्रुणाल भंवर ने किया. अतिथि को स्मृति चिन्ह पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी और सुधाकर काले ने भेंट किया. आभार प्रदर्शन स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने किया.

### नियति के दिए दायित्व का निर्वहन करें

उन्होंने कहा कि आज हम अपनी उपलब्धि को अपनी सफलता मान लेते हैं, यह सही नहीं है. हकीकत तो यह है कि हम नियति के द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन करें, वही सबसे बड़ी सफलता है. किसी एक व्यक्ति की सफलता पूरे समाज को सफल नहीं बना सकती है लेकिन पूरे समाज के सफलता हर व्यक्ति को सफल बना सकती है. अभ्यास मंडल की इस व्याख्यानमाला में कल बुधवार को समाजशास्त्री पर्यावरण विद् प्रो श्याम सुंदर ज्याणी का व्याख्यान होगा। उनके विषय है पर्यावरण संरक्षण एवं सामूहिक भागीदारी। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से जाल सभागृह में होगा.



# गौसेवा के माध्यम से दिया करुणा, संस्कृति और संवेदना का प्रेरक संदेश

इंदौर. तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने पंचकुईया पीठ आश्रम स्थित गौशाला पहुंचकर गौमाता की सेवा करते हुए उन्हें अपने हाथों से हरा चारा खिलाया. इस अवसर पर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा और संवेदना से ओतप्रोत कर दिया.

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति का आधार होकर मातृत्व, पोषण और करुणा का प्रतीक है. उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और कर्तव्यबोध की सच्ची अभिव्यक्ति है. महामंडलेश्वर श्री रामगोपाल दास महाराज ने कहा कि गौमाता की सेवा से मन निर्मल होता है, विचार पवित्र होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. उन्होंने कहा कि आज जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब प्रेम, दया और सेवा जैसे संस्कार ही हमें सही दिशा दिखा सकते हैं.

गौशाला में व्याप्त शांत वातावरण, गौमाता की निश्छल दृष्टि और सेवा में समर्पित भाव ने सभी को भावुक कर दिया, जिससे समाज में यह संदेश प्रसारित हुआ कि यदि हम अपने जीवन में दया, करुणा और सेवा को स्थान दें, तो समाज में प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की सशक्त स्थापना संभव है.




# आधुनिक सपनों और पारिवारिक संस्कारों के बीच संतुलन की कहानी है बैलेंस

इंदौर. बैलेंस एक भावनात्मक पारिवारिक कहानी है, जिसकी पृष्ठभूमि इंदौर शहर है. यह फिल्म एक मध्यमवर्गीय परिवार के जीवन और आज की तेज़ी से बदलती दुनिया में आने वाले बदलावों के बीच उनके संघर्ष को दर्शाती है।

यह जानकारी स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में फिल्म बैलेंस के निर्माता रुचिता मेहता, निर्देशक प्रवेश व्यास और मुख्य कलाकार रोहिताश्व गौर ने दी. कार्यक्रम में अभिनेता राघव श्रीवास्तव, अभिनेत्री पूजा चौधरी एवं मीनल शर्मा भी मौजूद थीं. फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से इंदौर में की गई है. निर्माताओं ने कोशिश की है कि शहर की साफ-सुथरी, सुंदर और सकारात्मक छवि को पर्दे पर दिखाया जाए. फिल्म निर्देशक श्री व्यास ने बताया कि फिल्म का मुख्य विषय आज की युवा पीढ़ी पर पश्चिमी संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को सामने लाना है. आधुनिक जीवनशैली, महंगी चीज़ों और पैसों की दौड़ में कई युवा यह मानने लगे हैं कि सुख और सफलता केवल भौतिक चीज़ों में ही छिपी है. मुख्य अभिनेता श्री गौर ने बताया कि फिल्म बैलेंस एक सरल, संवेदनशील और दिल से जुड़ी कहानी के माध्यम से पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी, परिवारों के भीतर के भावनात्मक संघर्ष और जीवन मूल्यों के महत्व को उजागर करती है. प्रारंभ में कलाकारों का स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, बंसीलाल लालवानी, प्रभात पंचोली, नितेश उपाध्याय, आदि ने किया. संचालन यशवर्धन सिंह ने किया.

एक नजर में | निगम द्वारा 'थैला बैंक' एवं 'बर्तन बैंक' के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए अभियान

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने प्रभावी पहल




**इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के उपयोग को कम करने तथा पर्यावरण हितैषी विकल्पों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहरभर में थैला बैंक एवं बर्तन बैंक स्थापित किए गए हैं. इन बैंकों का संचालन निगम की सहयोगी एनजीओ संस्थाओं द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं रहवासी इलाकों में किया जा रहा है.**

नगर निगम की इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों एवं पुन: उपयोग योग्य बर्तनों के उपयोग के लिए प्रेरित करना है, जिससे शहर में प्लास्टिक कचरे की मात्रा को कम किया जा सके तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण का निर्माण हो सके. थैला बैंक के माध्यम से नागरिकों को कपड़े के थैले उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं बर्तन बैंक के माध्यम से सामाजिक, पारिवारिक एवं सार्वजनिक आयोजनों में स्टील एवं अन्य पुन: उपयोग योग्य बर्तनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है. नगर निगम द्वारा इन दोनों पहलों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समय-समय पर रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं. अभियान के दौरान नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है तथा उन्हें वैकल्पिक एवं टिकाऊ साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है. विभिन्न बाजारों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं आयोजनों में पहुंचकर नागरिकों को कपड़े के थैलों तथा पुन: उपयोग योग्य बर्तनों के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है.

### 7 थैला बैंट और 5 बर्तन बैंक संचालित

नगर निगम द्वारा दी शहर में वर्तमान में कुल 7 थैला बैंक एवं 5 बर्तन बैंक संचालित किए जा रहे हैं. थैला बैंकों के माध्यम से अब तक 4800 कपड़े के थैलों का नि :शुल्क वितरण एवं 1400 थैलों का विक्रय किया जा चुका है. वहीं बर्तन बैंकों के माध्यम से 110 परिवारों एवं संस्थाओं द्वारा विभिन्न आयोजनों हेतु बर्तनों का उपयोग किया गया है. नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं.